इंस्टाग्राम, वॉट्सऐप पर ग्राहक तलाशकर बेचते थे एमडी ड्रग्स

- राजस्थान के दो तस्कर समेत तीन गिरफ्तार
- लसूड़िया पुलिस ने 53.45 ग्राम मेफेड्रोन और दो बाइक जब्त कीं

नव भारत न्यूज

इंदौर. लसूड़िया पुलिस ने एमडी ड्रग्स की तस्करी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है. पकड़े गए आरोपियों में इंदौर का एक तस्कर और राजस्थान के प्रतापगढ़ के दो आरोपी शामिल हैं. पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 53.45 ग्राम मेफेड्रोन (एमडी) ड्रग्स और दो बाइक जब्त की हैं.

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी जाहिद उर्फ जावेद खान सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम और वॉट्सऐप के जरिए ग्राहकों से संपर्क करता था और इसके बाद ड्रग्स की सप्लाई करता था. पुलिस अब आरोपियों से ड्रग्स के स्रोत और नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के संबंध में पूछताछ कर रही है. मामले की शुरुआत 15 जुलाई की रात हुई, जब लसूड़िया पुलिस ने निरंजनपुर सब्जी मंडी गेट के पास मो. जफर पठान उम्र 45 साल निवासी ग्रीन पार्क कॉलोनी, धार रोड को पकड़ा था. तलाशी में उसके पास से 19.14 ग्राम एमडी ड्रग्स मिली थी. पुलिस ने उसकी पल्सर बाइक भी जब्त की थी.

तीनों आरोपियों पर पहले से भी दर्ज हैं प्रकरण

लसूड़िया थाना प्रभारी राजकुमार यादव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ में सामने आए तथ्यों के आधार पर पुलिस अब ड्रग्स सप्लाई चेन से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटा रही है. जफर पठान के खिलाफ पहले चंदन नगर थाने में मारपीट सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज है. वहीं जाहिद उर्फ जावेद खान के खिलाफ राजस्थान के जोधपुर और प्रतापगढ़ जिले में एनडीपीएस एक्ट के मामले दर्ज पाए हैं.

पूछताछ में जफर ने पुलिस को बताया कि वह यह ड्रग्स राजस्थान के प्रतापगढ़ निवासी जाहिद उर्फ जावेद खान से लेकर आया था. इसके बाद पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जाहिद उर्फ जावेद खान उम्र 24 साल और उसके साथी कन्हैयालाल गायरी उम्र 25 साल, दोनों निवासी ग्राम कोठरी, जिला प्रतापगढ़ राजस्थान को लसूड़िया परमार स्थित भारत पेट्रोल पंप के पास बायपास से गिरफ्तार किया. पुलिस ने जाहिद के कब्जे से 34.31 ग्राम एमडी ड्रग्स और हीरो बाइक जब्त की है.

चलती बस से गुटखा थूक रहा युवक गिरा, इलाज के दौरान मौत

- स्पीड ब्रेकर पर झटका लगने से बिगड़ा संतुलन
- खंडवा रोड पर हुआ हादसा

नव भारत न्यूज

इंदौर. खंडवा रोड पर चलती बस से गुटखा थूकने के लिए गेट पर खड़े हुए युवक की गिरने से मौत हो गई. स्पीड ब्रेकर पर बस के उछलने से युवक का संतुलन बिगड़ा और वह सड़क पर जा गिरा. गंभीर हालत में उसे एमवाय अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया.

मृतक की पहचान अनिल उम्र 32 साल निवासी मोरटक्का के रूप में हुई है. वह बस से इंदौर से खंडवा की ओर जा रहा था. उमरिया के पास वह गुटखा थूकने के लिए बस के गेट के पास पहुंचा था. इसी दौरान स्पीड ब्रेकर आने से बस को तेज झटका लगा और अनिल संतुलन खो बैठा. हादसे के बाद बस चालक ने वाहन रोककर यात्रियों की मदद से घायल अनिल को एमवाय अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. पुलिस ने मर्ग कायम कर बस चालक और यात्रियों के बयान के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है.

डिवाइडर कट से मुड़ी बस सामने से आए ट्रक से भिड़ी, 4 घायल

- लसूड़िया थाने के सामने एबी रोड पर हुआ हादसा
- प्रत्यक्षदर्शियों ने बस चालक पर नशे में होने का लगाया आरोप

नव भारत न्यूज

इंदौर. लसूड़िया थाना क्षेत्र में गुरुवार देर रात एबी रोड पर बालाजी ट्रैवल्स की बस और ट्रक की आमने-सामने टक्कर हो गई. हादसे में बस चालक, कंडक्टर, क्लीनर और ट्रक चालक घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजा.

हादसा लसूड़िया थाने के सामने हुआ, बालाजी ट्रैवल्स की बस डिवाइडर के कट से मुड़ रही थी, तभी सामने से आ रहे ट्रक से उसकी जोरदार भिड़ंत हो गई. टक्कर इतनी तेज थी कि बस का आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया. हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने बस में फंसे यात्रियों और स्टाफ को बाहर निकाला. सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया. देर रात क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त बस को सड़क से हटाया, जिससे करीब एक घंटे तक यातायात प्रभावित रहा.

प्रत्यक्षदर्शी बोले... ड्राइवर ने पी रखी थी दारू-हादसे के बाद कुछ प्रत्यक्षदर्शियों ने आरोप लगाया कि बस चालक नशे की हालत में था और उसने अचानक डिवाइडर कट से बस मोड़ दी, जिसके कारण सामने से आ रहे ट्रक से टक्कर हुई, हालांकि पुलिस ने इसकी पुष्टि नहीं की है. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि हादसे के वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है.

ब्राउन शुगर के साथ दो युवक गिरफ्तार, स्कूटी भी जब्त

इंदौर. अन्नपूर्णा पुलिस ने दो युवकों को 11 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है. आरोपियों के कब्जे से वारदात में उपयोग स्कूटी भी जब्त की गई है. केसर बाग रोड क्रॉसिंग के पास घेराबंदी कर अथर्व उर्फ केशु यादव उम्र 20 साल निवासी गोया कॉलोनी और सर्वेश उर्फ कृष्णा यादव उम्र 20 साल निवासी गोया कॉलोनी को पकड़ा. तलाशी लेने पर उनके पास से 11 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई, जिसकी कीमत करीब 20 हजार रुपए बताई गई है. इसके अलावा एक स्कूटी एमपी 09 एसएस 2101 भी जब्त की है. थाना प्रभारी हित गोपाल यादव का कहना है कि दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है.

बंधक प्लॉट का सौदा कर महिला से ठगे 18.75 लाख

- रियल एस्टेट कंपनी की डायरेक्टर गिरफ्तार
- विकास अनुमति के लिए शासन के पास गिरवी था प्लॉट
- क्राइम ब्रांच ने दर्ज किया केस

नव भारत न्यूज

इंदौर. विकास अनुमति के लिए शासन के पास बंधक रखे प्लॉट को बेचने का सौदा कर एक महिला से 18 लाख 75 हजार रुपए की धोखाधड़ी करने वाली रियल एस्टेट कंपनी की डायरेक्टर को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है.

रियलिटी यूनाइटेड प्राइवेट इंफ्रा लिमिटेड की डायरेक्टर अनीता गहलोत ने फरियादिया वनिता डांगी को सस्ते में प्लॉट देने का झांसा दिया था. इसके बाद ऑरचिड पार्क कॉलोनी स्थित प्लॉट नंबर जे 16 का विक्रय अनुबंध तैयार कर उससे 18 लाख 75 हजार रुपए ले लिए. जांच में सामने आया कि जिस प्लॉट का सौदा किया था, वह विकास अनुमति के लिए शासन के पास बंधक था. इसके बावजूद आरोपी द्वारा प्लॉट बेचने का अनुबंध कर लिया. शिकायत के बाद क्राइम ब्रांच ने आरोपी अनीता गहलोत के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने आरोपी को पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया है. जांच में यह पता लगाया जा रहा है कि आरोपी ने इसी तरह अन्य बंधक प्लॉटों का सौदा कर किसी और से धोखाधड़ी तो नहीं की है.

तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी...

डीसीपी क्राईम राजेश त्रिपाठी ने बताया कि बंधक प्लॉट का अनुबंध कर धोखाधड़ी करने के मामले में आरोपी महिला को गिरफ्तार कर आरोपी से पूछताछ की जा रही है. जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी.

एक नजर में

3 करोड़ से ज्यादा के निर्माण कार्यों का भूमि पूजन

पीथमपुर. नगर परिषद अध्यक्ष सेवंती बाई सुरेश पटेल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी आरती गिरवाल, अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेश पटेल, नगर कांग्रेस अध्यक्ष रूपसिंह छड़ोदी, घनश्याम वैष्णव, छगन पथरिया, महेश पथेरिया, पार्षद प्रतिनिधि विजय रघुवंशी, लालू शर्मा, पार्षद मनीष लालू शर्मा, पार्षद लीलाबाई महेश पथरिया, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता डॉ. हेमंत हीरो, कांग्रेस नेत्री मोनिका सोलंकी की उपस्थिति में वार्ड 11, 13 तथा वार्ड 14 में विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया. वहीं, वार्ड 13 में आंगनबाड़ी केंद्र का शुभारंभ किया गया. एक साथ तीन सामुदायिक भवन निर्माण की शुरुआत के लिए महाराणा प्रताप बस स्टैंड वार्ड 13 में भूमि पूजन किया गया. इस अवसर पर सुरेश पटेल ने कहा कि करीब 3.30 करोड़ के विकास कार्यों का शुभारंभ किया गया है. सड़क निर्माण भी किया जाएगा. वार्ड 2 में सड़क का निर्माण किया गया. शीघ्र ही सामुदायिक स्वास्थ्य भवन शुभारंभ किया जा रहा है. सुरेश पटेल का कहना था कि सीएमओ आरती गिरवाल द्वारा विकास कार्यों का विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिससे रुके हुए कामों को गति मिल रही है कई और काम शीघ्र ही शुरू किए जाएंगे. कार्यक्रम में वार्ड के आम नागरिक नगर परिषद के सब इंजीनियर अजय कराड़े एवं झोन अधिकारी मौजूद थे.

सिमरोल के अश्वंत उर्फ बारीक हत्याकांड के सभी आरोपी बरी

महू. सिमरोल थाना क्षेत्र में 24 दिसंबर 2024 को हुए चर्चित अश्वंत उर्फ बारीक हत्याकांड में पंचम अपर सत्र न्यायालय ने सभी आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया. न्यायालय ने अपने 14 पृष्ठों के निर्णय में कहा कि अभियोजन पक्ष हत्या के आरोपों को संदेह से परे साबित करने में पूरी तरह असफल रहा. परिस्थितिजन्य साक्ष्यों की कड़ियां एक-दूसरे से नहीं जुड़ सकीं, इसलिए आरोपियों को दोषी नहीं ठहराया जा सकता. कोर्ट ने माना कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से यह स्पष्ट है कि अश्वंत उर्फ बारीक की मौत सामान्य नहीं, बल्कि हत्या के कारण हुई थी. हालांकि, अभियोजन यह साबित नहीं कर सका कि हत्या आरोपियों ने ही की. निर्णय में कहा गया कि अभियोजन द्वारा प्रस्तुत लास्ट सीन थ्योरी, राहगीरों के बयान, मोबाइल कॉल डिटेल, इंस्टाग्राम चैट, कथित हथियारों की बरामदगी और एफएसएल रिपोर्ट में कई महत्वपूर्ण कमियां और विरोधाभास रहे. सभी तथ्यों को देखते हुए न्यायालय ने भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 61, 103 एवं 238 के आरोपों से सभी आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया. साथ ही आदेश दिया कि जेल में निरुद्ध आरोपियों को यदि किसी अन्य मामले में आवश्यकता न हो, तो तत्काल रिहा किया जाए.

शहर के प्रमुख चौराहों पर चल रहीं अवैध शराब दुकानें, नहीं है अनुमति

महू. छावनी परिषद क्षेत्र में संचालित होने वाली शराब दुकानों को लेकर एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ है. परिषद कार्यालय ने स्पष्ट किया है कि शहर के प्रमुख और व्यस्ततम चौराहों पर चल रही देशी व विदेशी शराब दुकानों के संचालन के लिए छावनी परिषद द्वारा किसी भी प्रकार की अनुमति जारी नहीं की गई है. यह सनसनीखेज जानकारी आरटीआई के तहत मांगी गई एक जानकारी के जवाब में सामने आई है. स्थानीय निवासी भावना सांगेलिया द्वारा बीते 8 मई 2026 को कैंट बोर्ड महू क्षेत्र में स्थित देशी एवं विदेशी शराब दुकानों के संबंध में जानकारी मांगी गई थी. इसके जवाब में छावनी परिषद के केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी ने आधिकारिक पत्र जारी कर यह बड़ी बात कही है. परिषद द्वारा जारी आधिकारिक पत्र के अनुसार, शहर के चार प्रमुख और संवेदनशील स्थानों पर संचालित देशी-विदेशी शराब दुकानों को छावनी परिषद महू द्वारा कोई अनुमति नहीं दी गई है. इनमें बस स्टैंड, सिमरोल रोड ओवरब्रिज, ड्रीमलैंड चौराहा, यादव मोहल्ला चौराहा की छोटी कलाली शराब दुकान शामिल हैं. छावनी परिषद के इस जवाब के बाद अब स्थानीय प्रशासन और आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं.

मोनी बाबा आश्रम में गुरु पूर्णिमा पर बंटेंगे नेपाल के सिद्ध रुद्राक्ष

महू. बड़गोंदा स्थित मोनी बाबा आश्रम बालाजी मंदिर में आगामी 29 जुलाई को भव्य गुरु पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा. इस दिन भक्तों को नेपाल से विशेष रूप से मंगवाए गए सिद्ध रुद्राक्षों का नि:शुल्क वितरण किया जाएगा. आश्रम प्रमुख पं. गणेश महाराज ने बताया कि महोत्सव की शुरुआत सुबह 11 बजे पूज्य मोनी बाबा के विशेष पूजन-अर्चन के साथ होगी. इसके बाद दोपहर में महाआरती का आयोजन किया जाएगा. उन्होंने बताया कि इस अवसर पर पं. विपुल महाराज के सानिध्य में शिवपुराण में वर्णित विधि-विधान से सिद्ध किए गए रुद्राक्ष भक्तों को बांटे जाएंगे.

गोयल नगर के फ्लैट का ताला तोड़कर नकदी जेवर चोरी

इंदौर. तिलक नगर थाना क्षेत्र के गोयल नगर स्थित एक फ्लैट में दिनदहाड़े चोरी की वारदात सामने आई है. अज्ञात बदमाश सूने मकान का ताला तोड़कर अंदर घुसा और नकदी समेत सोने चांदी के जेवर लेकर फरार हो गया. पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है.

फरियादी अमरेश कुमार मिश्र उम्र 38 साल निवासी प्राइड पैलेस अपार्टमेंट, गोयल नगर ने शिकायत दर्ज कराई कि किसी अज्ञात बदमाश ने उनके फ्लैट का ताला तोड़कर चोरी की. बदमाश अलमारी में रखे चांदी का इत्रदान, प्लेट, तीन चांदी की अंगूठियां, दो जोड़ी पायल, चांदी की सिंदूरदानी, दो जोड़ी सोने की बालियां, विभिन्न मूल्यवर्ग की नकदी की गड्डियां, खुले नोट और करीब 3,100 रुपए के सिक्के लेकर फरार हो गया. तिलक नगर थाना प्रभारी मनीष लोधा ने बताया कि अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर दी है.

शराब के लिए पैसे नहीं देने पर मारपीट, 3 आरोपी गिरफ्तार

सीसीटीवी और तकनीकी साक्ष्यों से पुलिस ने चंद घंटों में पकड़ा

नव भारत न्यूज

इंदौर. राजमोहल्ला गंगवाल क्षेत्र में युवकों से मारपीट, शराब पीने के लिए रुपए मांगने और जान से मारने की धमकी देने वाले तीन आरोपियों को छत्रीपुरा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने घटना के बाद सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई की. गिरफ्तार आरोपियों में पीयूष योगी उम्र 23 साल निवासी लोकनायक नगर, आयुष उर्फ भोला तंवर उम्र 21 साल निवासी हरिओम नगर और एक बाल अपचारी शामिल है. पुलिस जांच में सामने आया कि 23 जुलाई की रात शीतला माता मंदिर के पास सचिन चौधरी अपने दोस्त शिवराज के साथ मोटरसाइकिल से जा रहा था. इस दौरान सफेद रंग की स्कूटी से आए तीन युवकों ने उसे रास्ता पूछने के दौरान रोका और शराब के लिए रुपए मांगने लगे. रुपए देने से इनकार करने पर आरोपियों ने दोनों युवकों के साथ मारपीट की. आरोप है कि पीयूष और आयुष ने नुकीले हथियार से हमला कर जान से मारने की धमकी दी थी. छत्रीपुरा थाना प्रभारी संजीव श्रीवास्तव ने बताया कि घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर एक टीम गठित की और आरोपियों की तलाश शुरू की थी.

सट्टा-जुआ खेलते चार गिरफ्तार

इंदौर. अवैध सट्टा और जुआ गतिविधियों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अलग-अलग थाना क्षेत्रों में चार लोगों को पकड़ा है. पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से नकदी, सट्टा पर्चियां और ताश के पत्ते जब्त कर प्रकरण दर्ज किए हैं.

चंदन नगर थाना क्षेत्र की सर्विस रोड स्थित जगदीशपुरी कॉलोनी के खाली मैदान में कार्रवाई करते हुए सिद्दीक उर्फ जोनी निवासी सहयोग नगर को सट्टा लिखते पकड़ा. आरोपी के पास से दो सट्टा पर्चियां, एक पेन और 550 रुपए नकद जब्त किए. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सट्टा एक्ट के तहत केस दर्ज किया है. वहीं हीरानगर थाना क्षेत्र के कनकेश्वरी मैदान स्थित साई पैलेस गार्डन के पीछे कार्रवाई कर अतुल राय और दुरपाल सैन, दोनों निवासी गौरी नगर को ताश के पत्तों से जुआ खेलते पकड़ा.

पुराने विवाद में कारखाना संचालक और कर्मचारियों से की मारपीट

इंदौर. चंदन नगर थाना क्षेत्र में पुराने विवाद को लेकर तीन युवकों ने एक कारखाने के पास पहुंचकर हंगामा किया. आरोपियों ने संचालक से गाली गलौज कर मारपीट की. बीच बचाव करने आए दो कर्मचारियों के साथ भी मारपीट की गई. पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

बड़ा गणपति क्षेत्र स्थित मल्हार पल्टन में रहने वाले 28 वर्षीय फरियादी मोहम्मद यासीन ने शिकायत दर्ज कराई कि वह रोनक वुड प्रोडक्ट कारखाने के पास राजकुमार बाग में था. इसी दौरान पुराने विवाद को लेकर गोलू निवासी रप्पा कॉलोनी, शाकिर निवासी खजराना और सोनू निवासी रप्पा कॉलोनी वहां पहुंचे और गाली गलौज करने लगे. विरोध करने पर गोलू और शाकिर ने उसके साथ थप्पड़ों से मारपीट की. फरियादी के कर्मचारियों अयान कुरैशी उम्र 21 साल और शाहनवाज रंगरेज उम्र 24 साल ने बीच बचाव किया तो आरोपियों ने उनके साथ भी गाली गलौज कर मारपीट की. आरोप है कि शाकिर ने अयान के साथ मारपीट की, जबकि सोनू ने शाहनवाज को पीछे से पकड़ लिया और गोलू व शाकिर ने उसके साथ भी मारपीट की. चंदन नगर थाना प्रभारी तिलक करोले ने बताया कि पुलिस ने गोलू, शाकिर और सोनू के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

चाकू लेकर घूम रहे दो युवक गिरफ्तार

इंदौर. दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में दो युवकों को चाकू के साथ गिरफ्तार किया है. पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर हथियार जब्त किए हैं.

चंदन नगर थाना क्षेत्र के पुलिस ने सर्विस रोड किनारे जगदीशपुरी कॉर्नर के पास टपरी पर कार्रवाई कर फरहान निवासी सलीमार पैलेस को पकड़ा. तलाशी में उसके पास से खटकेदार चाकू मिला. पुलिस ने चाकू जब्त कर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट में केस दर्ज किया. वहीं कनाड़िया थाना क्षेत्र की नई सड़क बायपास रोड पर कार्रवाई करते हुए अनिल नकवाल निवासी भूरी टेकरी को पकड़ा. तलाशी लेने पर उसकी कमर के पीछे लोहे का धारदार छूरा मिला.

अलग-अलग स्थानों से एक महिला और दो युवतियां लापता

इंदौर. जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में तीन महिलाओं और युवतियों के लापता होने के मामले सामने आए हैं. परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपहरण और बंधक बनाकर रखने की आशंका में प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है.

किशनगंज थाना क्षेत्र के महूगांव स्थित चिनार पार्क के सामने मैरिज गार्डन से एक महिला के लापता होने का मामला सामने आया है. सावन गिरवाल उम्र 26 साल निवासी खरगोन हाल मुकाम महूगांव ने शिकायत दर्ज कराई कि उसकी पत्नी 15 जुलाई की रात 10 बजे से 16 जुलाई सुबह 4 बजे के बीच कहीं चली गई. पति ने आशंका जताई है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसे छिपाकर बंधक बनाकर रखा है. इसी तरह महू थाना क्षेत्र के हाट मैदान में रहने वाली 55 वर्षीय सुनीता कोशल ने शिकायत दर्ज कराई कि उनकी बेटी को सुबह करीब 4 बजे कोई अज्ञात व्यक्ति अपने साथ ले गया है. आशंका है कि उसे बंधक बनाकर रखा है. वहीं गौतमपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम बारदाखेड़ी में रहने वाले 23 वर्षीय आनंद चौधरी ने शिकायत दर्ज कराई कि रात करीब 10.30 बजे से सुबह 6 बजे के बीच कोई अज्ञात व्यक्ति उसकी बेटी को घर से ले गया. तीनों थानों की पुलिस ने केस दर्ज कर गुम हुई महिला और दोनों युवतियों की तलाश शुरू कर दी है.

एक नजर में — वार्ड 55 छावनी क्षेत्र स्थित उषागंज की गली नंबर 8 के रहवासी आज भी दूसरे क्षेत्रों से पानी लाने को मजबूर

उषागंज में नई पाइप लाइन बिछने के बावजूद शुरू नहीं हो सकी जलापूर्ति

इंदौर. शहर के छावनी क्षेत्र में नई नर्मदा पाइप लाइन बिछने और कनेक्शन देने के कई महीनों बाद भी जलापूर्ति शुरू नहीं हो सकी. वहीं, टेस्टिंग के नाम पर सड़कें खोद दी गईं, जो लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई हैं. रहवासी आज भी बोरवेल और दूसरे क्षेत्रों से पानी लाने को मजबूर हैं.

मामला वार्ड क्रमांक 55 के छावनी क्षेत्र स्थित उषागंज की गली नंबर 8 का है. यहां नई नर्मदा पाइपलाइन बिछाने और कनेक्शन देने के बावजूद दो महीने बाद भी जलापूर्ति शुरू नहीं हो सकी है. इस समस्या को लेकर नवभारत ने खबर प्रकाशित कर जिम्मेदारों का ध्यान आकर्षित किया था. तब अधिकारियों ने जल्द पानी शुरू कराने का आश्वासन दिया था, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है. रहवासियों का आरोप है कि पाइपलाइन बिछाने में तकनीकी लापरवाही हुई, जिससे पानी का फ्लो नहीं बन रहा और कई जगह दूषित पानी भी आ रहा है. टेस्टिंग के दौरान सड़क खोदकर बड़े-बड़े गड्ढे छोड़ दिए गए हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है. पानी नहीं मिलने से अधिकांश परिवार सरकारी बोरवेल और अन्य क्षेत्रों से पानी लाने को मजबूर हैं. रहवासियों ने नगर निगम से जल्द नियमित जलापूर्ति शुरू कराने और सड़क की मरम्मत की मांग की है.

यह बोले रहवासी...

पानी के नाम पर कुछ नहीं पिछले दो महीने में दस बार सड़क खोद दी गई जगह-जगह बड़े गड्ढे कर दिया लोग गिर रहे हैं इन गुड्डू को हमें ही भरना पड़ता है.

- रुखसाना खान

किसी के यहां भी नर्मदा का पानी नहीं आ रहा हमें आसपास के क्षेत्र में जाकर पानी लाना पड़ता है नाइन सुधारने के लिए आते हैं लेकिन आज तक कुछ नहीं हो पाया.

- सईदा बी

पूरी गर्मी पानी के लिए परेशान हुए सोचा था नई लाइन से राहत मिलेगी लेकिन बरसात होने के बाद भी पानी की किल्लत बनी हुई है फिलहाल बोरिंग पर ही लोग निर्भर है.

- शीला परदेसी